# हाथियों की सुरक्षा में विद्युत आपूर्ति प्रभावित, क्षेत्रों में आक्रोश


## वन विभाग के निर्देश पर विद्युत विभाग जिले के दो दर्जन से अधिक गांवों की बंद कर रहा विद्युत, सप्ताह भर से हाथियों की जारी चहलकदमी से परेशान वन विभाग समस्या दूर करने में नाकाम

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। हांथियों की सुरक्षा में विद्युत आपूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में आक्रोश देखा जा रहा है। वन विभाग के निर्देश पर विद्युत विभाग रोजाना जिले के दो दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत सप्लाई बंद कर रहा है। सप्ताह भर से हांथियों की जारी चहलकदमी से परेशान वन विभाग समस्या दूर करने में नाकाम है।**

जिले में आज नौवें दिन भी जंगली हांथियों के चलते दहशत की स्थिति निर्मित रही। जंगली हांथियों का मूवमेंट आज जिला मुख्यालय के समीपी ग्रामीण क्षेत्रों में रहा। लिहाजा जंगली हांथियों के पीछे चलने वाली संयुक्त टीम भी काफी अलर्ट मोड में नजर आई। जंगली हांथियों का लोकेशन रविवार को जहां बढ़ौरा क्षेत्र में रहा। वहीं आज सुबह जंगली हाथी अमरवाह, कुर्रवाह और भेलकी से लगे जंगलों में पहुंच गए। जंगली हांथियों के आसपास लोग न जाएं इसको लेकर वन अमला सबसे ज्यादा सक्रिय है। वन टीम द्वारा हांथी के पहुंचने के संभावित गांवों में पूर्व से ही पहुंचकर एलाउंसमेंट में लगा हुआ है। एलाउंसमेंट के मार्फत लोगों को समझाइस दी जा रही है कि अपने घर से महुआ एवं उसके गंध से संबंधित सामग्री पूरी तरह से नष्ट कर दें। महुआ की गंध मिलने पर हांथी सबसे ज्यादा आकर्षित होता है। साथ ही लोगों को यह भी समझाईस दी जा रही है कि जंगली हांथियों के आने की भनक पाकर आसपास न पहुंचें। हांथी को देखने के लिए कुछ क्षेत्रों में लोगों की अनावश्यक भीड़ उमड़ती है। जिसको नियंत्रित करने में भी वन टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। कुछ स्थानों में तो असमाजिक तत्वों के चलते स्थिति और भी ज्यादा अनियंत्रित हो जाती है। जिसके चलते पुलिस को भी मौके पर बुलाना पड़ रहा है। हांथी के पीछे लगी संयुक्त टीम में वन विभाग, राजस्व विभाग, वन विकास निगम, पुलिस विभाग, बांधवगढ़ रिजर्व क्षेत्र से आई वन टीम भी शामिल है।

चर्चा के दौरान संयुक्त टीम में शामिल वनपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि जंगली हांथियों का मूवमेंट जिन संभावित क्षेत्रों में आगे हो सकता है वहां जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। साथ ही एलाउंसमेंट कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है कि जंगली हांथियों के आसपास न जाएं। इंसान को देखकर हांथी काफी ज्यादा विचलित हो जाता है और उस दौरान उसका ब्यौहार कभी-कभी काफी आक्रामक हो जाता है।



### अंधेरे में बोर्ड परीक्षार्थियों की चौपट हो रही पढ़ाई

जिले में जंगली हांथियों के खतरे को रोकने संबंधित क्षेत्रों के गांवों की बिजली आपूर्ति बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी का सामना बोर्ड परीक्षार्थियों को करना पड़ रहा है। रात में बिजली सप्लाई बंद होने से परीक्षार्थियों की पढ़ाई चौपट हो रही है। बोर्ड परीक्षार्थियों के लिये इन दिनों रात में बिजली की नियमित आपूर्ति काफी आवश्यक है। फिर भी जंगली हांथियों के चलते बिजली सप्लाई संबंधित क्षेत्रों के गांवों में बंद करने का सिलसिला अनवरत रूप से चल रहा है।

### क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार

जंगली हांथियों के आने से प्रभावित गांव के लोग सबसे ज्यादा दहशत एवं सांसत में हैं। जंगली हांथी 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। इस वजह से उनको सीधी जिले से बाहर होने में अभी कई दिन लगेंगे। जंगली हांथियों का मूवमेंट सोन नदी के समीपी गांवों में बना हुआ है। इसी रास्ते से जंगली हांथी बगदरा अभ्यारण्य की ओर से बढ़ रहे हैं। जंगली हांथियों के पहुंचने से पूर्व ही संबंधित क्षेत्रो में सुरक्षा को लेकर काफी दहशत बन जाती है। प्रभावित क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से समस्या दूर करने की गुहार लगाई है।

### इनका कहना है

जंगली हांथी शांतिपूर्ण तरीके से अभी तक अपना रास्ता तय कर रहे हैं। उसमें विभाग कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता। लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि हांथी से दूरी बनाकर रखें और स्वत: सुरक्षित रहें। अभी तक लोगों का इस कार्य में अच्छा सहयोग मिला है, जल्द ही हांथी अपनी दिशा में आगे बढ़ जायेंगे। जहां तक बिजली संबंधित क्षेत्रों में बंद कराने का सवाल है तो यह काफी आवश्यक है। रात में करंट प्रवाहित तार टूटने की घटनाएं हो सकती हैं। इसी वजह से मजबूरी में हांथी के पहुंचने के संभावित क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद की जा रही है। बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों को हो रही असुविधा के लिये हमें खेद है किन्तु सुरक्षा के लिहाज से यह करना हमारी मजबूरी भी है, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

**श्रीमती प्रीति अहिरवार, डीएफओ, वन मंडल सीधी**

सीधी जिले में वर्तमान में जंगली हांथियों के आने से अलग-अलग क्षेत्रों में संभावित खतरे के मद्देनजर वन विभाग की सूची के अनुसार गांवों की बिजली सप्लाई बंद की जा रही है। बिजली सप्लाई बंद होने से बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को अवश्य सुविधा हो रही है, किन्तु वन विभाग के सूचना पर संभावित खतरे के लिहाज से वे बिजली आपूर्ति बंद करने के लिये मजबूर हैं। ऐसा नियम भी है।

**पंचराज तिवारी, अधीक्षण यंत्री**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. संभाग सीधी**

# किसान महाचौपाल में शामिल होने हजारों कांग्रेसी भोपाल रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। किसानों के हक और अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी सीधी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसजनों का जत्था भोपाल के लिए रवाना हुआ। जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी से वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रस्थान किया।**




जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को भोपाल में म.प्र. कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान महाचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है। जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने रवाना होने से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। कृषि लागत में वृद्धि, फसलों के उचित मूल्य का अभाव, रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर किसान चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि किसान महाचौपाल के माध्यम से किसानों की आवाज को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। सीधी जिले से ट्रेन, बस एवं निजी वाहनों के माध्यम से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन भोपाल पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने दावा किया है कि जिले से रिकॉर्ड संख्या में कार्यकर्ता इस महाचौपाल में शामिल होंगे। जिला नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन एवं संगठनात्मक एकता बनाए रखते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सरपंच पति समेत कईयों पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने पर खनिज विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुये हनुमानगढ़ सरपंच पति व भाजपा नेता नारायण तिवारी समेत कइयों मामला दर्ज किया गया है।**



जानकारी के मुताबिक दिनांक 22.02.2026 को शिकायतकर्ता विजय द्विवेदी द्वारा शिकायत की गई कि तहसील रामपुर नैकिन ग्राम पंचायत हनुमानगढ़ में सरपंच पति नारायण तिवारी द्वारा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर निजी पट्टे की भूमियों से खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा जाता है। प्राप्त शिकायत के संबंध में कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम हनुमानगढ़ के 4 पृथक-पृथक स्थानों पर भूमि की ऊपरी परत हटा कर खनिज रेत का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। निरीक्षण स्थल पर उपस्थित व्यक्तियों से पूछताछ की गई, परंतु किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त अवैध उत्खनन के संबंध में कोई ठोस अथवा संतोषजनक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। तत्पश्चात शिकायतकर्ता विजय द्विवेदी की सहायता से कुछ व्यक्तियों द्वारा बयान दिए गए। प्राप्त बयानों के आधार पर यह पाया गया कि ग्राम हनुमानगढ़ के सरपंच पति नारायण तिवारी, बब्बू चौबे पिता जगन्नाथ चौबे, रामगणेश उर्मलिया पिता भगवानदीन उर्मलिया, शुभम उर्मलिया पिता व्यास उर्मलिया, सानू तिवारी पिता मुन्नी तिवारी एवं प्रज्वल तिवारी पिता संजय तिवारी द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली एवं टाटा 407 के माध्यम से अवैध उत्खनन/परिवहन कर व्यवसाय किया जाता है। उक्त कृत्य के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध म.प्र. अवैध उत्खनन, भंडारण तथा परिवहन नियम, 2022 के अंतर्गत अवैध उत्खनन के कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# मित्रता भारत स्काउट गाइड के सिद्धांतों में से एक, अच्छे मित्रों का चयन कर जीवन को बनाएं खुशहाल : डॉ.अजय

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। भारत स्काउट गाइड के संस्थापक लॉर्ड वेडेन पावेल के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को विश्व चिंतन दिवस के रूप में भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ.अजय मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, भारत स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्रमणि दुबे की अध्यक्षता, जिला कमिश्नर गाइड डॉ.श्वेता सिंह और विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रवीण वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ.अजय मिश्रा ने कहा कि भारत स्काउट गाइड के विश्व चिंतन की इस वर्ष की थीम है मित्रता। मित्रता भारत स्काउट गाइड के सिद्धांतों में से एक सिद्धांत है। हम सभी को अच्छे मित्रों का चयन करके जीवन को खुशहाल बनाना चाहिए। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने कहा कि स्काउटिंग विश्व का सबसे बड़ा गणवेशधारी छात्र संगठन है। राष्ट्रीय विचारों से ओत-प्रोत भारत माता के लिए कृत संकल्पित विद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की टीम है। डॉ.श्वेता सिंह ने कहा कि हमें मित्रता दिवस पर मित्रों के साथ-साथ प्रकृति और तकनीक में भी सामंजस्य स्थापित करते हुए मित्र बनना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रवीण वर्मा ने अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि स्काउटिंग एक अभिनव कला है। स्काउटिंग के माध्यम से हम सब अपने व्यक्तित्व को बहुआयामी बना सकते हैं। आए हुए अतिथियों का स्वागत भारत स्काउट गाइड के सचिव एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पाण्डेय ने किया। इसके पूर्व स्वागत भाषण, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रभक्ति की प्रस्तुति दृष्टि तिवारी, इच्छा तिवारी, मायावती साहू, चिंकी जायसवाल व अन्य साथियों ने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन गाइड रिचा तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत शिक्षक सुधांशु सिंह गहरवार, योग शिक्षक आदर्श अभिनव मिश्रा सहित अनेक स्काउट एवं गाइड उपस्थित रहे।

## एसजीएस कॉलेज में युवा संसद 2026 का आयोजन 26 को

**सीधी।** खेल एवं युवा मामले मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत पोर्टल के माध्यम से 26 फरवरी को विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन संजय गांधी महाविद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में चयनित प्रथम 10 प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है।

# लोक कल्याण की भावना से किया गया हर कार्य यज्ञ है : मैथिलीशरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। श्रीराम कथा की षष्टम सन्धा का शुभारंभ करते हुए श्री रामकिंकर विचार मिशन के परमाध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण जी ने लोक कल्याण को प्रशस्त करने वाला मंत्र बताया।**



स्वामी जी ने कहा कि विचलन यज्ञ और योग दोनों को खण्डित करता है। संतुलित व्यक्ति आद्योपांत एक जैसा रहता और कहता है। सूर्य सारे विश्व में एक जैसा दिखता है। पूर्ण सब जगह एक समान है। जिसकी मति हर स्थिति में एक जैसी होती है वही योगी है। लंकिनी ने हनुमान जी से कहा-मोर अहार जहां लगि चोरा। उसका हनुमान जी को चोर कहना उसकी कुमति और कुबुद्धि है और हनुमान जी का मुष्टि-स्पर्ष उसकी कुमति का विनाश कर उसे कुमति से सुमति और अविवेक से विवेक की स्थिति में स्थापित करता है। सुमति और विवेक की स्थिति में स्थापित होकर वह त्रिकालज्ञ हो जाती है और हनुमान जी को श्रीराम का कार्य पूर्ण करने का आशीर्वाद देती है। कोई भी कार्य करते समय यदि हृदय में भगवान हैं तो सत की ही उत्पत्ति होगी, अन्यथा असत ही पैदा होगा। भगवान के हृदय में स्थित होने पर व्यक्ति निडर होकर लक्ष्य को समर्पित होता है। विभीषण के पूछने भगवान राम ने बताया कि युद्ध अस्त्र-शस्त्र से नहीं लड़े जाते। भगवान ने विभीषण को शौर्य और धैर्य नामक पहियों वाले और सत्य की ध्वजा एवं शील की पताका वाले धर्मरथ की बात बताई। धर्मरथ कभी पराजित नहीं होता और वह हमेशा घर से, कमरे के अन्दर से चलता है।

भगवान राम को वनवास देते समय कैकेई की मति कुसंग में चली गई और मंथरा के प्रभाव में आ गई। लक्ष्मण जी ने तेजस्वी स्वर में जनक जी, परशुराम जी और श्रीराम जी के समक्ष बात की किन्तु इसके आधार पर लक्ष्मण जी के चरित्र का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। जिस प्रकार द्वापर युग में श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने थे, उसी प्रकार श्रीराम के धर्मरथ के सारथी लक्ष्मण जी थे। वनवास जाते समय भगवान कैकेई से सबसे अंत में गले मिलते हैं और वनवास से लौटते समय वे सबसे पहले कैकेई से गले मिलते हैं। भगवान के ध्वज में शील की पताका है और लक्ष्मण जी उस शीलरूपी पताका के सत्यरूप दृढ़ और कठोर ध्वज हैं।

# नशे में ड्राइविंग करने वाले चार वाहन चालकों पर लगा भारी जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में सीधी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में यातायात थाना प्रभारी उप निरीक्षक भूपेश देश के नेतृत्व में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की गई है। यातायात पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े गए चार चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को दोषी पाते हुए अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिसमें हाइवा चालक मनोज कुमार वर्मा निवासी भदौही यूपी, वाहन संख्या सीजी 04 क्यूए 9340 पर 10000 रुपये का जुर्माना। आयसर ट्रक चालक नरेन्द्र यादव निवासी अयोध्या यूपी, वाहन संख्या यूपी 78 एफएन 2498 पर 10500 रुपये का जुर्माना। मोटरसाइकिल चालक सुजीत साकेत निवासी जमोड़ी सीधी, वाहन संख्या एमपी 53 एमके 8246 पर 10500 रुपये का जुर्माना। पिकअप चालक अरूणेन्द्र सिंह निवासी सतना, वाहन संख्या एमपी 18 जेडबी 2677 पर 10500 रुपये का जुर्माना किया है।

आगामी त्योहारों होली, ईद और नवरात्रि के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने हेतु जिले के समस्त थानों को ब्रेथ एनालाइजर मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। अब जिले के हर थाना क्षेत्र में पुलिस बल इस मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच करेगा। यदि कोई भी चालक नशे की हालत में पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल मौके पर कार्यवाही की जाएगी। सीधी पुलिस जिले के सभी नागरिकों और वाहन चालकों से अपील करती है कि त्योहारों की खुशियों में खलल न डालें। नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है बल्कि यह आपके और दूसरों के जीवन के लिए भी घातक है। कृपया यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदार नागरिक बनें।

### दोबारा पकड़े जाने पर रद्द होगा लाइसेंस

पुलिस प्रशासन ने आदतन नियम तोड़ने वालों के लिए सख्त रुख अख्तियार किया है। विभागीय चेतावनी जारी की गई है कि जिन वाहन चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने का जुर्माना हो चुका है, यदि वे भविष्य में दोबारा इसी अपराध की पुनरावृत्ति करते पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध केवल अर्थदंड ही नहीं बल्कि उनके ड्राइविंग लाइसेंस को ब्लैक लिस्ट कर निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे चालकों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है ताकि उनके द्वारा किए गए अपराधों का रिकॉर्ड ट्रैक किया जा सके।

# उर्मिलेश्वर धाम पड़रा की रासलीला में माखन चोरी का हुआ मंचन

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा में आयोजित श्रीराधाकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन हो रहा है। रासलीला के पांचवें दिन माखन चोरी की लीला का मंचन श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृंदावन के कलाकारों के द्वारा किया गया।**



दण्डी स्वामी निर्भायानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। रविवार को रासलीला का शुभारंभ श्रीराधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृंदावन के व्यास स्वामी ब्रजेश शर्मा के बृज गीत व पद दर्शकों काफी पसंद आ रहे हैं। उक्त माखन चोरी लीला रासलीला में श्री कृष्ण को माखन बहुत पसंद था। वे घर का माखन खत्म होने पर पड़ोसियों के घर जाकर माखन चुराते थे। गोपियां कान्हा की शरारतों से तंग आकर माता यशोदा से शिकायत करती थीं। गोपियां कृष्ण को पकड़ने के लिए कड़े इंतजाम करतीं, लेकिन जब कृष्ण को पकड़ लेतीं हैं तो वे कान्हा के प्रेम में सब भूल जाती थीं और उनसे अपने साथ नाचने की जिद्द करती थीं। प्रभावती नाम की गोपी ने कृष्ण को पकड़ने का प्रयास किया। जब उसने कृष्ण को रंगे हाथों पकड़ा तो कृष्ण ने उसे अपनी चतुराई से मोहित कर लिया। मक्खन चोरी का अर्थ केवल माखन खाना नहीं बल्कि भक्तों के प्रेम और मन माखन को चुराना है जो साफ और शुद्ध हृदय में ही वास करता है।

उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीपेश शर्मा, श्रीजी की भूमिका में गोविंद शर्मा, श्रीजी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगंबर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।

# सीधी जिला हमेशा से साझा भाईचारे और आपसी मेल-जोल की मिसाल रहा : संतोष

## शांति समिति की बैठक आयोजित, पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर बैठक में रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 फरवरी। आगामी प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी के सभागार में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों सहित जिले के प्रबुद्ध और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**



बैठक में अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल सहित नगर पालिका सीधी के पदाधिकारी, थाना प्रभारी कोतवाली, जमोड़ी एवं यातायात प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली, ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्रि जैसे बड़े त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था और जन-सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना रहा। बैठक में उपस्थित विभिन्न संप्रदायों के नागरिकों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से नोट किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने वालों के विरुद्ध साइबर सेल के माध्यम से कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर ने कहा कि सीधी जिला हमेशा से साझा भाईचारे और आपसी मेल-जोल की मिसाल रहा है। हम सभी का यह साझा उत्तर दायित्व है कि त्योहारों की खुशियों में कोई खलल न पड़े। प्रशासन और जनता के बीच बेहतर तालमेल ही शांतिपूर्ण त्योहार की कुंजी है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सभी जिलेवासियों को होली, ईद और नवरात्रि की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई है।

### त्योहार के लिये विशेष दिशा-निर्देश और अपील

त्योहारों के लिए विशेष दिशा-निर्देश और अपील जारी की गई है। **होली (रंगोत्सव):** पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि रंगों का यह त्योहार आपसी प्रेम के साथ मनाएं। हुड़दंगियों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे और लाउडस्पीकर के लिए निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन अनिवार्य होगा। **ईद-उल-फितर:** मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से चर्चा कर नमाज के समय और सुरक्षा व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की। **चैत्र नवरात्रि:** मंदिरों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई और सुगम यातायात व्यवस्था हेतु संबंधित थाना प्रभारियों और नगर पालिका को निर्देशित किया गया।

CMYK